राज्यपाल सचिवालय
राज भवन, जयपुर

श्री ईशमधु तलवार के निधन पर राज्यपाल की शोक संवेदना

जयपुर, 17 सितम्बर। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने वरिष्ठ पत्रकार एवं साहित्यकार श्री ईशमधु तलवार के निधन पर गहरा दुख व्यक्त किया है। राज्यपाल श्री मिश्र ने कहा कि स्व. तलवार ने पत्रकारिता और लेखन के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने के साथ पत्रकार एवं साहित्यकारों के हितों के लिए विभिन्न संगठनों के माध्यम से सतत प्रयास किए। उनके योगदान को सदैव याद रखा जाएगा ।

उन्होंने ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति तथा शोक संतप्त परिवार को यह दुख सहन करने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की

———